# 12.जागो ग्राहक जागो

विधा : संवाद

| शब्दार्थ:- | |
|---|---|
| १. ग्राहक | = उपभोक्ता, customer, వినియోగదారుడు |
| २. अख़बार | = समाचार पत्र, news paper, వార్తా పత్రిక |
| ३. सचेत | = सावधान, alert, జాగురకత |
| ४. शिकायत | = उलाहना, compliant, ఫిర్యాదు |
| ५. घटिया | = तुच्छ, cheap, నాసిరకం |
| ६. नकली | = अनुकरण पर बना हुआ, artificial, కృత్రిమమైన |
| ७. क़ीमत | = दाम, मूल्य, price, ధర |
| ८. परचा | = कागज, paper, కాగితం |
| ९. ब्याज | = सूद, interest, వడ్డీ |
| १०. पैग़ाम | = संदेश, समाचार, message, సందేశం |

## प्रश्न (3 marks)

**1. क्रय-विक्रय में उपभोक्ता का क्या महत्व है?**

ज. क्रय-विक्रय में उपभोक्ता का बड़ा महत्व है। किसी भी चीज़ का निर्माण उपभोक्ता की सुविधा को ध्यान में रखकर किया जाता है। इससे उपभोक्ता वस्तु खरीदने में श्रद्धा दिखाता है। इसलिए क्रय-विक्रय में उपभोक्ता ही प्रधा अंग है।

**2. उपभोक्ताओं को जागरूक करने में आप क्या योगदान दे सकते हैं ?**

ज. उपभोक्ताओं को जागरूक करना बहुत आवश्यक है। उत्पादक चीज़ों का उत्पादन करते हैं। उपभोक्ता उन चीज़ों को खरीदता है। इसलिए वस्तु की सुरक्षा, चुनने ली जानेवाली जरूरतें आदि परिचय देना बहुत आवश्यक हैं

**3. सरकार ग्राहकों की भलाई के लिए क्या करती है ?**

ज. सरकार ग्राहकों की भलाई के लिए ये कार्य करती हैं-

- उपभोक्ताओं का सचेत करते हैं।
- हर वर्ष 15,मार्च को 'उपभोक्ता दिवस' मनाते हैं।
- उपभोक्ता के अधिकारों को परचे पर छपवाकर बॉटते हैं।
- 'उपभोक्ता मंच' की स्थापना की जाती है।
- उपभोक्ता को हुई हानि को पूरी करवाती है।

**4. 'उपभोक्ता दिवस' के बारे में आप क्या जानते हैं?**

ज. 'उपभोक्ता दिवस' **15**, मार्च को मनाते हैं। सरकार ने परचे छपवाकर बॉटते हैं। उपभोक्ताओं को सचेत किया जाता है। वे सामान खरीदते समय सावधानी रखें। उपभाक्ताओं के अधिकारों पर जागुरकता लाते हैं।

**5. दादाजी बच्चों को उपभोक्ताओं के बारे में क्यों समझा रहे थे?**

ज. दादाजी बच्चों को उपभोक्ताओं के बारे में समझा रहे थे। क्यों कि आज के बच्चे कल के उपभोक्ता है। वे भविष्य में सामान खरीदते समय देखकर लाया करें, जो मंगवाएँ, वही लाया करें। नकली सामान को पहचान करें।

**6. एक उपभोक्ता के रूप मे किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?**

ज. एक उपभोक्ता के रूप में इन बातों का ध्यान रखना चाहिए।-

- सामान खरीदते समय रसीद या बिल लें।
- वस्तुओं के पैकेट पर लिखे विवरण ध्यान से पढ़े।
- I.S.I या एग मार्क अंकित वस्तुओं का चुनाव करें।
- नकली सामान बेचने या कीमत अधिक लेने पर 'उपभोक्ता मंच' पर शिकायत करें।

## सारांश ( 10 marks )

**1. 'जागो ग्राहक जागो' पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए?**

ज. **परिचयः-**

पाठ का नाम : जागो ग्राहक जागो

विधा : संवाद

- किसी वस्तु या सेवा का उपभोग करनेवाला उपभोक्ता कहलाता है।
- हर वर्ष १५, मार्च को 'उपभोक्ता दिवस' मनाया जाता है।
- कुछ लोग नकली सामान बेचते हैं, अधिक कीमत लेती हैं।

- सामान कम तोलकर उपभोक्ता को हानि करते हैं।
- तब 'उपभोक्ता मंच' पर शिकायत करनी चाहिए।
- सरकार विक्रेता से हुई हानि पूरी करवाती है।
- एक उपभोक्ता के रूप में इन बातों का ध्यान रखना चाहिए।-
- सामान खरीदते समय रसीद या बिल लें।
- वस्तुओं के पैकेट पर लिखे विवरण ध्यान से पढ़े।
- I.S.I या एग मार्क अंकित वस्तुओं का चुनाव करें।
- नकली सामान बेचने या कीमत अधिक लेने पर 'उपभोक्ता मंच' पर शिकायत करें।

## भाषा की बात

### 1. विलोम शब्दः

- खरीदना x बेचना
- सावधान x असावधान
- उचित x अनुचित
- साहसी x डरपोक
- असली x नकली

### 2. प्रत्यय

- स्वतंत्रता – ता
- भारतीय – ईय
- ऐतिहासिक – इक
- दूधवाला – वाला
- साहसी – ई
- धनी – ई
- सामाजिक– इक
- मानवता – ता
- प्रशंसनीय – ईय

### 3. उपसर्ग

- अहिंसा – अ
- सचेत – स
- सुरक्षा – सु
- अनुपस्थित – अन्
- अपमान – अप
- लापरवाह – ला
- परदेश – पर
- विदेश – वि

हमारी हिन्दी

Click here to visit our website
www.hamari-hindi.com